
श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

BJS eबुलेटीन 2020

Edition 26, 30th April 2020

JAINS FOR INDIA
BJS
Bharatiya Jain Sanghatana


# अभ्युदय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यशाला में श्री शांतीलालजी मुत्था का दिनांक 29 अप्रैल, 2020 को BJS के राष्ट्रीय, राज्य व जिला पदधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शक संबोधन

पिछले कुछ दिनों में BJS के नेटवर्क में अलग अलग प्रकार के ऑनलाईन कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं. BJS के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इन कार्यक्रमों में सहभागी होने तथा कोरोना काल में व्यस्त रहने का अवसर मिल रहा है. BJS के राष्ट्रीय व राज्य पदाधिकारी तथा सभी कार्यकर्ता जिस तरह से मेहनत कर रहे हैं, मैं उन्हें सलाम करता हूँ और बधाई देता हूँ.

कोरोना का प्रभाव पूरे देश भर में है. महाराष्ट्र ज्यादा प्रभावित राज्य है. अन्य अनेक राज्य भी कम प्रभावित नहीं हैं. बहुत ही तकलीफ का समय है. मुझे लगता है कि आगे और अधिक कठिनाईयों का सामना करने की नौबत आने वाली है. परिस्थितियां ओर अधिक बिगड़ने की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं.




राष्ट्रीय आपदाओं में BJS पिछले 35 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर सेवाएं देने का काम करता आया है. मात्र BJS ही नहीं सम्पूर्ण जैन कम्युनिटी भी एसे समय में तन मन धन से सेवाएं देने का कार्य करती है, जो प्रशंसनीय है. BJS का राष्ट्रीय आपदाओं में समीकरण कुछ इस तरह का बन गया है कि राज्य सरकारें, राजनीतिज्ञ व सरकारी अधिकारी हमें याद करते हैं. आज भी कोरोना महामारी के समय में BJS उग्रता से सेवाएं देने में अग्रसर है. सम्पूर्ण जैन कम्युनिटी अपने अपने स्तर पर क्षमताओं के अनुरूप सेवाएं दे रही है. मैं जैन समाज के समस्त कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ. जैन समाज लाखों लोगों के भोजन की व्यवस्था करने में जुटा हैं. अन्य तरह की सहायताएं भी कर रहे हैं, यह बहुत बड़ा योगदान है. इसका मुझे अत्यंत हर्ष है.

BJS के रजत जयंति राष्ट्रीय अधिवेशन में हमने एक नारा दिया था, Jains for India. आज देश का समस्त जैन समाज इस नारे को सार्थक करने में लगा हुआ है. बड़े जबरजस्त तरीके से जैन समाज सेवाओं के काम में लगा हुआ है. मोबाइल डिस्पेंसरी वेन से घर घर जाकर बीमार लोगों के उपचार तथा दवाइयां देने का एक मॉडल मैंने पुणे में desine किया व उसे implement किया. अभी इस बात को एक माह हुआ है और आश्चर्य की बात है कि 100 से अधिक मोबाइल डिस्पेंसरी वेन की सेवाएं पूरे देश में शुरु हो गई है. निःसंदेह यह 100 की संख्या बहुत अधिक नहीं है. पहले कोरोना संक्रमितों की संख्या कम थी. उसमें क्रमशः वृद्धि हुई और अब एक झटके में उपर पहुंच गई है. BJS मोबाइल डिस्पेंसरी वेन की सेवाएं 1 अप्रेल से प्रारम्भ हुई. 500 से 600 औसतन प्रतिदिन बीमार लोगों का उपचार होता था. मुझे यह हर्ष के साथ सूचित करना है कि आज की तारीख में 25,000 रोगियों का उपचार प्रतिदिन कर रहे हैं. यह ग्राफ और तेजी से बढ़ेगा. पुणे में मोबाइल डिस्पेंसरी वेन की संख्या बढ़ाई जा रही है. मुम्बई व पुणे को छोड़कर महाराष्ट्र में 40 मोबाइल डिस्पेंसरी वेन ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत है. महाराष्ट्र के 11 जिलों में सेवाएं शुरू हैं और कुछ ही दिनो में 4 या 5 जिलों की इसमें वृद्धि होगी. महाराष्ट्र के सभी Red zones में मोबाइल डिस्पेंसरी वेन सेवाएं शुरू है. किसी भी मॉडल को दोहराना या क्रियान्वित करना कठिन होता है. क्योंकि मोबाइल डिस्पेंसरी वेन के लिए सरकार से अनुमति लेना, वेन, वेन ड्राइवर, डॉक्टर, कार्यकर्ताओं की व्यवस्था आदि करना बड़ा ही कठिन काम है. अभी तो सरकार को भी डॉक्टर नहीं मिलते. वेन पर कार्यरत टीम की दिन भर की भोजन व्यवस्था, PPT किट, वेन फ्यूमिगेशन, वेन की प्रतिदिन धुलाई, सेनिटाइज़ेशन सामग्री, लाउडस्पीकर, दवाइयों के अलग अलग बॉक्स तैयार करने आदि की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना पड़ता है. वेन किस क्षेत्र में जाएगी उसका प्लान ड्राइवर को देना. बस डिपो की तरह सभी गाड़ियों के लिए भी डिपो बनाया गया है. वेन हेतु डीजल व दवाईयों

Contd...

दिए लिंक को क्लिक करे




https://youtu.be/Ul0nBYobXJ8

https://youtu.be/1XPN-upJQWk

BJS द्वारा संचालित आपके द्वार मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा पर एक विडिओ फ़िल्म देखें

की इन्वेंटरी रखना. यह सारा काम एक फैक्ट्री चलाने से कम नहीं है. कल मुम्बई में भी यह सेवा श्रीमान वल्लभजी भंसाली की संस्था देश अपनाएं, CREDAI तथा MCHI के संयुक्त तत्वाधान में प्रारम्भ हुई. 200 से 300 मोबाइल डिस्पेंसरी वेन सेवा आने वाले 15 दिनों में शुरू होगी. इन संस्थाओं से संबंधित कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है. जिस तरह का डिपो पुणे में बनाया गया है, उसी तरह के 6 डिपो मुम्बई में बनाये जाने की योजना है. आने वाले 4 दिन में 100 मोबाइल डिस्पेंसरी वेन मुम्बई में कार्यरत होगी. मुम्बई के सभी बिल्डर्स इस महायुद्ध में जुड़े हैं अतः यहां मुम्बई में यह सेवा कार्य उग्रता से होगा. क्रियान्वयन की दृष्टि से कठिन इस मॉडल को महाराष्ट्र के अतिरिक्त कर्नाटक और तामिलनाडू के BJS कार्यकर्ताओं ने क्रियांवित किया है. बैंगलोर में 11 व मैसूर में 10 मोबाइल डिस्पेंसरी वेन सेवाएं चल रही है. मेरी आज श्री प्रकाश गुलेचा, मैसूर से बात हुई और आपको सहर्ष सूचित करना है कि वहां शीघ्र ही 25 मोबाइल डिस्पेंसरी वेन शुरू करने जी योजना है. इसके अतिरिक्त ऊटी, इरोड में भी यह सेवा अच्छा कार्य कर रही है. महाराष्ट्र में इसे बढ़ाने के प्रयास जारी हैं. BJS पूरी तरह इस महायुद्ध में कूद चुका है. हमारे कार्यकर्ता जान की परवाह न करते हुए पूरी तरह से रात दिन मेहनत कर रहे हैं.

नासिक जिले का मालेगांव एक बड़े हॉटस्पॉट के रूप में सामने आया है. कल नासिक जिलाधीश, जिला कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक सभी से चर्चा की. महाराष्ट्र (पुणे के अतिरिक्त) के इस अभियान के प्रभारी, BJS के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री नंदू सांखला, को नासिक भेजा. 120 किलोमीटर की यात्रा और हॉटस्पॉट ज़ोन में घुसकर उन्होंने वहां सरकारी अधिकारियों से मीटिंग की, महाराष्ट्र के मंत्री जो वहां रहते हैं उनसे मिले, सभी के साथ संयोजन किया, योजना बनाई. मुझे यह घोषणा सहर्ष करनी है कि मालेगांव में मोबाइल डिस्पेंसरी वेन सेवा कल से प्रारंभ होगी. मुझे कहना है कि हॉटस्पॉट या रेड जोन में घुसने में लोगों को डर लगता है, वहां BJS कार्यकर्ता लोगो को सहयोग व सेवाएं देने की हिम्मत कर रहे हैं, एतदर्थ मैं सभी कार्यकर्ताओं को हृदय से नमन करता हूँ.

हम भगवान महावीर के वशंज हैं, उनकी सीख का अनुसरण करते हुए इस विपत्तिकाल में लोगो की सहायता करने, लोगों की जान बचाने, लोगों को दुखों से बाहर लाने का कार्य हो रहा है. BJS के कार्यकर्ता अपनी अपनी जगह जैसे भी हो, अनेक दिक्कतों और चुनौतियों का सामना करते हुए ,उनकी क्षमताओं के अनुरूप सेवाएं दे रहे हैं. यह हम सबके लिए हर्ष और गौरव का विषय है. मुझे BJS और जैन समाज के सभी कार्यकर्ताओं पर नाज़ है. BJS के आप सभी राष्ट्र व राज्य स्तर के अधिकारी कोरोना के रोगियों तक पहुंचने का जरिया बन रहे हैं. इससे बेहतर कोई दूसरा उदाहरण नहीं ही सकता. आपके त्याग, परिश्रम, समर्पण और निष्ठा की सराहना हो रही है. यह हम सभी के दिल को तसल्ली देता है. हौसला बढ़ाता है.

कल मुम्बई में यह सेवा आरम्भ हुई. BJS, CREDAI तथा MCHI के सभी कार्यकर्ताओं में थोड़ी घबराहट थी कि सब कैसे होगा? मोबाइल डिस्पेंसरी वेन लेकर वर्ली क्षेत्र में गए. रोगियों को चेक किया, दवाईयां दी, सांत्वना दी. बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े. स्वयं की आंखों से यह सब देखकर कार्यकर्ता का उत्साह बढ़ता है. वे फिर पीछे नहीं हटते क्योंकि उनके सामने लक्ष्य होता है. कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और उत्साह दुगना हो जाता है.

मुझे आज एक चैनल के लाइव कार्यक्रम में पूछा गया कि मुझे इतनी ऊर्जा मुझे कहाँ से मिलती है? मेरा उत्तर था कि प्रथम तो मेरे कार्यकर्त्ताओं से और द्वितीय उनके चेहरों पर हंसी व खुशी देखकर, जिनके लिए हम काम करते हैं. हमारी थकान कहाँ चली जाती है, पता ही नहीं चलता. हम सब व्यापारी लोग हैं. प्रतिवर्ष 31 मार्च को नफे नुकसान की बैलेंसशीट बनाते हैं. हम सभी कार्यकर्ताओं की ज़िंदगी की बैलेंसशीट उपर वाले के पास creat हो रही है. कार्डियोग्राम की ऊपर नीचे जाती रेखाओं के समान हमारी आर्थिक परिस्थितियां उपर नीचे हो सकती है. जीवन में up downs आते रहते हैं, ऐसे समय में भी यदि हम सेवाएं देते हैं, पुण्य का काम करते हैं तो विश्वास रखना कि भगवान हमारे साथ होता है. वह हमें बुद्धि देता है, रास्ता दिखाता है. उपर वाले के यहां ज़िन्दगी की बैलेंसशीट में हमारे assets बढ़ते जाते हैं. यह हमारे और हमारी आगामी पीढ़ियों के लिए किसी insurance से कम नही.


मैं देश के सभी कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ. आप सभी ने कोरोना संकट के समय श्रेष्ठ कार्य किया है और कर रहे हैं. जैन समाज के देश के समस्त कार्यकर्ताओं कोआवाह्न करता हूँ कि वे एक छत्र की नीचे आएं. देश की जनसंख्या में मात्र 1% जैन किस तरह 99% की सेवा करते हैं, यह उदाहरण प्रस्तुत करें. कोरोना विपत्ति काल में सेवा कार्य, हमें मिले मानव जीवन को सार्थक सिद्ध करने का श्रेष्ठ अवसर समझें.

मैं BJS के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेन्द्र लुंकर, महामंत्री श्री संप्रति सिंघवी, सभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण, राज्य, विभाग व जिल्हें के पदाधिकारियों व समस्त कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ. सेवा का एक मौका हमारे सामने है. भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि हमें शक्ति दे तांकि अधिक से अधिक कार्य इस कोरोना आपदा में कर सकें.

# अब 25,000 रोगियों का होगा इलाज प्रतिदिन
## BJS मोबाईल डिस्पेन्सरी सेवा - 29 अप्रेल, 2020 तक की रिपोर्ट

BJS MISSION DOCTOR AT YOUR DOORSTEP

Free Mobile Dispensary Seva







**Mobile Dispensary Seva City Wise National Report**

**( 01-Apr-20 To 29-Apr-20 )**

| Sr. No | City | Date Initiated | Number Of Vans Used | Number Of Patients Treated | Patients Referred To Govt. Hospital |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Pune | 1-Apr-20 | 51 | 92,963 | 1,412 |
| 2 | Pimpri Chinchwad | 4-Apr-20 | 4 | 13,392 | 70 |
| 3 | Rajgurunagar | 6-Apr-20 | 2 | 6,049 | 2 |
| 4 | Nashik | 7-Apr-20 | 3 | 3,983 | 9 |
| 5 | Solapur | 7-Apr-20 | 1 | 836 | 0 |
| 6 | Sangli | 13-Apr-20 | 1 | 1,557 | 0 |
| 7 | Gangapur | 15-Apr-20 | 1 | 1,313 | 0 |
| 8 | Vaijapur | 15-Apr-20 | 1 | 1,522 | 0 |
| 9 | Aurangabad | 16-Apr-20 | 1 | 1,155 | 0 |
| 10 | Shindkhed | 16-Apr-20 | 1 | 1,279 | 0 |
| 11 | Washim | 16-Apr-20 | 1 | 3,468 | 0 |
| 12 | Shirur Anantpal | 17-Apr-20 | 1 | 310 | 0 |
| 13 | Ratnagiri | 18-Apr-20 | 1 | 1,078 | 0 |
| 14 | Shrirampur | 20-Apr-20 | 1 | 1,902 | 0 |
| 15 | Dhule | 21-Apr-20 | 1 | 361 | 0 |
| 16 | Karjat | 23-Apr-20 | 1 | 776 | 0 |
| 17 | Ahmednagar | 25-Apr-20 | 1 | 645 | 0 |
| 18 | Jalna | 26-Apr-20 | 4 | 2,014 | 0 |
| 19 | Nanded | 26-Apr-20 | 1 | 887 | 0 |
| 20 | Parbhani | 26-Apr-20 | 1 | 700 | 0 |
| 21 | Rahuri | 27-Apr-20 | 1 | 226 | 0 |
| 22 | Sangamner | 27-Apr-20 | 1 | 468 | 0 |
| 23 | Mumbai | 28-Apr-20 | 5 | 618 | 1 |
| 24 | Ambajogai | 29-Apr-20 | 1 | 135 | 0 |
| **Maharashtra Total** | | | **87** | **1,37,637** | **1,494** |
| 25 | Bijapur | 7-Apr-20 | 1 | 947 | 2 |
| 26 | Bangalore | 26-Apr-20 | 11 | 6,779 | 32 |
| 27 | Mysore | 27-Apr-20 | 9 | 1,190 | 0 |
| **Karnataka Total** | | | **21** | **8,916** | **34** |
| 28 | Erode | 9-Apr-20 | 2 | 20,346 | 0 |
| 29 | Sirkali | 21-Apr-20 | 1 | 1,090 | 0 |
| 30 | Chidambaram | 24-Apr-20 | 1 | 403 | 0 |
| 31 | Ooty | 24-Apr-20 | 1 | 1,097 | 0 |
| 32 | Cuddalore | 25-Apr-20 | 1 | 240 | 0 |
| **Tamil Nadu Total** | | | **6** | **23,176** | **0** |
| **National Total** | | | **114** | **1,69,729** | **1,528** |

* City Names Have Been Sorted As Per Date Of Initiation

## आपके द्वार BJS मोबाईल डिस्पेंसरी सेवा
### मुख्य केंद्र बिंदु

- मुम्बई में BJS, देश अपनाएं, CREDAI और MCHI के संयुक्त अभियान में मोबाईल डिस्पेंसरी सेवा का हुआ शुभारंभ
- हॉटस्पॉट बने महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में आज से मोबाईल डिस्पेंसरी सेवा हुई आरम्भ
- बैंगलोर में 11 Vans के साथ शुरू हुई मोबाईल डिस्पेंसरी सेवा
- कर्नाटक के मैसूर 10Vans के साथ शुरू हुई मोबाईल डिस्पेंसरी सेवा और महाराष्ट्र के अनेक शहरों में हुआ विस्तरीकरण
- कर्नाटक और तामिलनाडु के अनेक शहरों में सेवा हुई शुरू
- **1.69 लाख से अधिक रोगियों का हुआ इलाज**
- अब 25,000 रोगियों का प्रतिदिन हो रहा है चेकअप व ईलाज
- 1528 से अधिक रोगी कोरोना शंकास्पद, भेजे गए सिविल हॉस्पिटल



Mumbai



Shrirampur




Bijapur